# शहर में झमाझम बारिश होने से तापमान में आई गिरावट

## नौतपा के सातवें दिन हुई जोरदार बारिश, भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,1 जून. नौतपा में अंदाजा लगाया जा रहा था कि इस बार जमकर तपेगा। गर्मी इस बार लोगों को हलाकान कर देगी, लेकिन नौतपा के आठवे दिन मौसम ने करवट ली। दोपहर तीन बजे करीब आसमान में बादलों ने डेरा डाल लिया। तकरीबन 4 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई। जो लगातार आधा घंटा बारिश होते रही।**

जिसके चलते लोगों ने बारिश से बचाने अपने आपकों बचाने दुकानों या अन्य स्थानों के नीचे छुपते नजर आए। बारिश से पूरा शहर तरबतर हो गया। निचले इलाकों और सड़कों में जहां तहां पानी भर गया। हालांकि बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से निजात मिली। मौसम में ठंडक घुलने से लोगों ने राहत की सांस ली। इधर बारिश के बाद 5 बजे तक रूक रूककर बूंदा-बांदी होते रही। मौसम वैज्ञानिक संत कुमार शर्मा ने बताया कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के प्रभाव से मौसम में बदलाव हुआ है। अगले 48 से 72 घंटों के दौरान जिले में तेज हवाओं, गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। तेज हवाओं के चलते कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने की शिकायत मिली है। इसके साथ ही गागीवाड़ा मार्ग में एक पुराना पेड़ मार्ग पर आ गिरा जिसके चलते कुछ समय के लिए मार्ग बाधित हुआ जिसे बाद में बहाल कर दिया गया।



### किसानों के ली राहत की सांस

इस बारिश किसानों के लिए अमृत साबित हो रही है। जिनके किसानों के यहां मक्का बड़ा हो गया है। उनके लिए फायदेमंद साबित हो रही है। वही जिन किसानों को हल बक्खर चलाना है उन किसानों को बतर मिल गई। इससे किसानों के चेहरे पर खुशियां छा गई है।

### स्वास्थ्य का रखना होगा ध्यान

बारिश के बाद अचानक धूप निकलने से मौसम में परिवर्तन देखने मिल सकता है। इससे मौसम गरम ठंडा होने से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सबसे अधिक बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित होंगे। बासा भोजन और पानी की कमी स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है। इसलिए फलों का जूस, गन्ने का रस, शिंकजी पिएं। वही ताजा भोजन और अधिक से अधिक पानी लें। ऐसे मौसम में डायरिया होने की पूर्ण संभावना रहती है। शिकायत होने पर नजदीकी अस्पताल में दिखाएं। बगैर डाक्टर के सलाह के कोई भी दवा न ले।

## ट्रेन में सीट विवाद को लेकर एक यात्री की हत्या

**छिंदवाड़ा।** पेंचव्हेली ट्रेन में बीती रात सीट को लेकर हुए विवाद में कुछ युवकों ने मिलकर एक युवक पर हमला कर दिया। इस हमले में युवक की मौत हो गई। जिसके बाद हमलावरों ने उसे बोरदेही स्टेशन पर फेंक कर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। घटना करीब रात 12 से 1 के बीच की बताई जा रही है। जानकारी अनुसार अली पिता नदीम खान उम्र 18 साल संजू ढावा के पीछे ईशा नगर का रहने वाला है। वह रविवार को पेंचव्हेली ट्रेन से अपने साथी रिक्की के साथ भोपाल आवश्यक काम से जा रहा था। इस दौरान परासिया में सीट को लेकर अली का कुछ युवकों से जमकर विवाद हो गया। तकरीबन आधा दर्जन हमलावरों ने मिलकर अली के साथ जमकर मारपीट की। इस मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवकों ने उसे बोरदेही स्टेशन में फेंक दिया। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने सागर धुर्वे सहित पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

# कोतवाली पुलिस ने गुंडा तत्वों का निकाला जुलूस

## दो दिन पूर्व चर्च कंपाउंड में हुआ था विवाद, चार आरोपी हुए गिरफ्तार

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,1 जून. पुलिस ने दो दिन पूर्व हुए मारपीट के मामले में सोमवार को शम चार बजे 4 अपराधियों का जुलूस निकाला। यह आरोपी आदतन अपराधी है। इन अपराधियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।**



बताया जा रहा है कि यह विवाद पुरानी रंजिस को लेकर हुआ था। गौरतलब है कि चर्च कंपाउंड निवासी श्रीमती संगीता कपाले शुक्रवार रात करीब 10 बजे अपने कुत्ते के साथ टहल रही थीं। इसी दौरान गुलाबरा निवासी हर्ष तिवारी अपने करीब एक दर्जन हथियारबंद साथियों के साथ वहां पहुंचा। आरोपियों ने महिला को धमकाते हुए उसके बेटे को श्समझ लेनेश् की चेतावनी दी और वहां खड़ी स्कूटी में रॉड से तोड़फोड़ शुरू कर दी। हैरानी की बात यह रही कि जब पीड़िता एक परिचित के वाहन से शिकायत दर्ज कराने थाने की ओर जा रही थी, तब अस्पताल गेट के सामने आरोपियों ने दोबारा हमला कर दिया। बदमाशों ने वाहन पर पत्थर फेंककर कांच तोड़ दिए और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

संगीता कपाले ने शिकायत पर आरोपी हर्ष तिवारी उर्फ अनुराग उम्र पंचशील कालोनी, अनुराग पिता भजनलाल मालवी गुलाबरा गली न. 15 शक्ति नगर, महेन्द्र साहू पिता रेवाराम साहू उम्र 18 साल निवासी पातालेश्वर और क्रिश चौहान पिता गोपी गुरैया मंडी को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद पुलिस ने न्यायालय में पेश करने के दौरान आदतन आरोपियों के खिलाफ जुलूस निकाला। इसमें दो आरोपियों पर पूर्व में भी मामले दर्ज है।

## नही पकड़ाए नायब तहसीलदार से अभद्रता करने वाले आरोपी

**छिंदवाड़ा।** बीते तीन दिन पूर्व मोहखेड़ क्षेत्र में नायब तहसीलदार पर हमला के मामले में फरार चले रहे आरोपी को पुलिस को अभी तक पकड़ने में सफलता हाथ नहीं लगी है। पुलिस के हाथ तीन दिन बाद भी खाली है। पुलिस इस मामले में ढिलाई क्यों वरत रही है। क्या पुलिस के मुखबिर तंत्र कमजोर हो गया है। जिसके चलते पुलिस रेत तस्कर से कोसों दूर है। यदि पुलिस रेत तस्कर को पकड़कर सख्त कार्रवाही नहीं करती है, तो तस्करों के हौंसले बुलंद हो जाएंगे। जो भविष्य में प्रषानिक अधिकारियों के साथ साथ और भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बन सकते है। गौरतलब है कि मोहखेड़ क्षेत्र में अवैध रेत से भरे डम्पर को रोकने पर रेत तस्कर ने नायब तहसीलदार से अभद्रता की थी। तस्कर ने नायब तहसीलदार के साथ अभद्रता करते हुए उनका मोबाइल छीनकर फरार हो गया था। इस मामले में पीड़ित अधिकारी ने उमरानाला चौकी में शिकायत की थी। शिकायत के बाद पुलिस अभी तक आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।

# प्रीमियर लीग सीजन-2 : आईटीआई छिंदवाड़ा परासिया और तामिया की शानदार जीत

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,1 जून. जिले में आयोजित आदिवासी प्रीमियर लीग सीजन-2 के अंतर्गत सोमवार को तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में आईटीआई छिंदवाड़ा 11 और हॉस्टल 11 के बीच मुकाबला हुआ। आईटीआई छिंदवाड़ा 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाए।**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी हॉस्टल 11 की टीम 8 ओवर में 6 विकेट खोकर 62 रन ही बना सकी। इस प्रकार आईटीआई छिंदवाड़ा 11 ने 52 रनों से शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में आशीष को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।दूसरा मुकाबला चांद 11 और परासिया 11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चांद 11 ने 7 विकेट खोकर 82 रन बनाए। जवाब में परासिया 11 ने 6.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाकर 7 विकेट से जीत हासिल कर ली।

तीसरे मैच में तामिया 11 और चौरई 11 आमने-सामने रहे। तामिया 11 ने निर्धारित 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 86 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चौरई 11 की टीम 8 ओवर में 9 विकेट खोकर 75 रन ही बना सकी। तामिया 11 ने यह मुकाबला 11 रनों से अपने नाम किया। आयोजकों ने बताया कि मंगलवार को प्रतियोगिता का पहला मुकाबला मोहखेड़ 11 और छिंदवाड़ा ग्रामीण 11 के बीच खेला जाएगा।




# पुलिस ने 12 जुआरियों से 35800 रूपए किए जब्त

## खुले में खेल रहे थे जुआ, जुआ एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,1 जून. कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलते हुए 12 आरोपियों को दबोच लिया है। पुलिस ने उनके पास से नगदी सहित ताश के 52 पत्ते जब्त किए है। साथ ही दो कारें भी जब्त की गई है। जुआरियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।**

बता दें कि कोतवाली पुलिस को रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि पोदार स्कूल के पीछे नाले के पास कुछ जुआरी खुले मे बैठकर 52 तास पत्तो के साथ रुपये पैसे की बाजी लगाकर अवैध रुप से दांव लगा रहे है। सूचना मिलते ही टीआई ने वरिष्ट अधिकारियो के निर्देशन में टीम का गठिन किया।



टीम में शामिल उप निरीक्षक चेतन मर्सकोले एवं थाना स्टाफ के पोदार स्कुल के पीछे जाकर घेराबंदी कर 12 जुआडी को दबोच लिया। जिनके कब्जे से 35 हजार 800 रुपये नगद, 52 तास के पत्ते एवं 02 कार जप्त की गई। आरोपियों के विरुध्द धारा 13 जुआ एक्ट का पंजीबध्द किया गया है।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

आरोपियों में लीलाधर पिता द्वारिका प्रसाद टेटवार चंदनगांव, अमित पिता अनिल यादव उम्र चंदनगांव, योगेश पिता मूरत प्रजापति इमलीखेडा, रामशंकर पिता उमेदराव लिखितकर चंदनगांव, विरेन्द्र पिता अनिल लोखंडे चंदनगांव, नीरज पिता अनिल कराडे निवासी संचार कालोनी, प्रणव पिता संजय पाटनकर चंदनगांव, विदांत पिता युवराज राउत सर्रा, निशांत पिता राजकिशोर अल्डक एकता कालोनी चंदनगांव, पुनीत पिता भाउराव ठाकरे चंदनगांव एकता कालोनी, विशाल पिता सुनील यादव एकता कोलोनी, गगन पिता भिवेश्वर लोखंडे पालामउ मोहखेड हाल स्मोक हब शॉप चंपारड हांडी के समीप

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस पूरे मामले में टीआई आषीष धुर्वे, उनि चेतन मर्सकोले, प्र.आर. युवराज सिंह रघुवंशी, आर. विकाश बैस , सागर डेहरिया , आर . अमित तोमर , आर रामकुमार जाटव, आर. आदित्य की महत्ध्वपूर्ण भूमिका रही है ।जिन्हे एसपी ने पुरूस्कृत किये जाने की घोषणा की है।

## ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन के लिये पंजीयन 15 जून तक

**छिन्दवाड़ा.** ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए 25 मई से 15 जून तक पंजीयन किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा गेहूं के ई-उपार्जन पोर्टल पर 23 जनवरी के माध्यम से पंजीयन संबंधी विस्तृत परिपत्र जारी किया गया है, जिसके अनुसार पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है। जिला उपार्जन समिति की सहमति उपरांत कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उत्पादक कृषकों के पंजीयन हेतु 25 मई से 15 जून तक कुल 19 पंजीयन केंद्र तथा जिला पांढुर्णा के लिये 02 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन पंजीयन केंद्रों पर शासन द्वारा जारी ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द पंजीयन नीति के निर्देशानुसार किसानों के पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है।

# ननि द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,1 जून. नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जिला उद्योग कार्यालय से शुक्ला ग्राउंड तक सड़क पर अतिक्रमण कर लगाए गए गन्ने के हाथ ठेलों को हटवाया गया।**




इसके साथ ही ईएलसी चौक, सिटी कोतवाली, जिला चिकित्सालय के सामने, पोस्ट ऑफिस के पास तथा टाउन हॉल के सामने संचालित हाथ ठेलों एवं फुटकर व्यापारियों को सड़क से हटाकर व्यवस्थित किया गया। नगर निगम अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा सभी व्यापारियों को निर्धारित स्थानों पर ही दुकान लगाने तथा सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश दी गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में सड़क एवं यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा आमजन की सुविधा के लिए सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें और निर्धारित स्थानों पर ही अपना व्यवसाय संचालित करें।

# धर्मरस में लीन हुए भक्तजन, सामूहिक बहराणा साहिब पूजन आज

## तीन दिवसीय भगवान श्री झूलेलाल अमर कथा में शामिल हो रहे हजारों भक्तजन

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,1 जून. सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल साईं जी की असीम कृपा से छिंदवाड़ा में पहली बार तीन दिवसीय भगवान श्री झूलेलाल साईं जी कथा का भव्य आयोजन सतगुरु साईं लालदास साहिब के सानिध्य में आस्था व उत्साह के साथ चल जा रहा है।**

सिंधु भवन में रोजाना शाम को हजारों भक्तजन कथा सुनते हुए धर्मरस में लीन दिखाई दे रहे हैं। अधिक मास के शुभ अवसर पर श्री झूलेलाल चालीसा सेवा समिति, श्री पूज्य सिन्धी पंचायत व श्री झूलेलाल महिला सेवा समिति के संयुक्त प्रयासों से बीते तीन दिनों से सतगुरु सुहिंणा साईं लालदास साहिब जी के श्रीमुख से कथा वाचन हो रहा है। कथा के साथ संगीतमय भजनों पर भक्त झूम रहे हैं। सिंधी भजनों और कथा के दौरान भक्तिमय वातावरण से पूरा अंचल धन्य हो उठा है। प्रतिदिन भगवान श्री झूलेलाल अमर कथा के उपरांत लंगर में पूरा समाज शामिल हो रहा है। सोमवार दोपहर को सिंधु भवन में सत्यनारायण भगवान का विशेष पूजन हुआ।

### 251 पूज्य सामूहिक बहराणा साहिब पूजन

2 जून दिन मंगलवार को सिंधु भवन में 251 पूज्य सामूहिक बहराणा साहिब का पूजन होगा। सतगुरु सुहिंणा साईं लालदास साहिब जी के सानिध्य में होने वाले बहराणा साहिब पूजन के लिए छिंदवाड़ा के साथ नागपुर,अमरावती, जबलपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला सहित प्रदेश व देश के अन्य कई जिलों से भक्तजन विशेष रूप से यहां आए हैं। इस मौके पर दिव्यांश बालाजी ग्वालियर परिवार द्वारा संगीतमय कार्यक्रम होगा। शाम को पूज्य बहराणा साहिब की शोभायात्रा निकलेगी, जो सिंधु भवन से छोटा तालाब तक जाएगी। शोभायात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया जाएगा।


IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU M.Sc. CS
Honours B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com


# वन अमले ने काला हिरण का शिकार करने वाले फरार आरोपी को दबोचा

## चौरई वनपरिक्षेत्र के जंगल का मामला , न्यायालय ने आरोपी को भेजा जेल

**नवभारतन्यूज**
**छिंदवाड़ा,1 जून. पिछले आठ सालों से फरार चल रहे काला हिरण के शिकार एवं मांस सेवन प्रकरण के एक आरोपी को वन विभाग की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकरण क्रमांक 36424-05, पीआर-02 मई 2016 में आरोपी पूर्व से ही वांछित था।**

यह मामला काला हिरण के शिकार और उसके मांस के सेवन से जुड़ा हुआ है। मामले में कुछ आरोपी पूर्व में जेल जा चुके हैं, जबकि एक आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। वन विभाग को आरोपी की गतिविधियों की सूचना मिलने पर 31 मई को चौरई वन परिक्षेत्र की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दयाराम उर्फ हरिप्रसाद मरावी उम 55 वर्ष, निवासी सागर कुड़ा को दोपहर करीब 3.30 बजे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम में डिप्टी रेंजर सुशी वंदना पाल, रवि सिंहवा, अरुण सेंगर, आशीष शुक्ला, मनीष जैन तथा संजय यादव सहित अन्य वनकर्मी शामिल रहे। अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया।



फाईल फोटो

### लगातार चलाया जा रहा अभियान

न्यायालय ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी के विरुद्ध जेल वारंट जारी कर दिया, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन्यजीवों के शिकार और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वन विभाग की इस कार्रवाई को वन्यजीव संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विशेष रूप से संरक्षित प्रजातियों के शिकार पर रोक लगाने और आरोपियों को कानून के दायरे में लाने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है।


आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत नि: शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित ।संपादक क्रांति चतुर्वेदी।* फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589